## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–12.06.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त, एनडीआरएफ द्वार राहत और बचाव कार्य जारी।**
2. **विमान दुर्घटना पर राश्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री समेत राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताई गहरी संवेदना।**
3. **झारखंड समेत देशभर में आज विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ समापन, केंद्रीय कृ षि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– यह योजना जमीनी स्तर पर किसानों की समस्याओं और चुनौतियों को समझने में करेगा मदद।**
4. **रामगढ़ में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का किया उद्घाटन, कहा – केंद्र सरकार की पहल से 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से आए बाहर।**
5. **राज्य में बारिश की कमी से बढ़ी गर्मी और उमस, मौसम विभाग ने 14 जून से हल्की से मध्यम बारिश की जताई संभावना ।**

### समाचार विस्तार से

*******************

गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का यात्री विमान आज अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान संख्या एआई–171 के इस विमान में दो सौ बयालीस लोग सवार थे, जिनमें 2 पायलट और 10 केबिन क्रू शामिल थे। यात्रियों में से एक सौ उन्नहत्तर भारतीय नागरिक, तरेपन ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई और 7 पुर्तगाली नागरिक सवार थे। घायलों को इलाज के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर एनडीआरएफ और अग्निशमन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि सभी विवरणों के समन्वय के लिए मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 011–24610843 और 9650391859 है। मंत्रालय ने कहा है कि वह सभी प्रभावितों के लिए त्वरित कार्रवाई और पूर्ण सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों की पूछताछ और सहायता के लिए अहमदाबाद हवाई अड्डे पर हेल्पलाइन नंबर, 99741 11327 स्थापित किया गया है। अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए एयर इंडिया ने एक अन्य यात्री हॉटलाइन, 1800 5691 444 भी स्थापित की है।

*******************

गुजरात में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के बाद, भारतीय रेलवे अहमदाबाद से यात्रियों की सुविधा के लिए दो विशेष ट्रेनें चलाएगा। एक ट्रेन अहमदाबाद से मुंबई और दूसरी ट्रेन अहमदाबाद से नई दिल्ली के लिए चलेगी।

दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है। एयर इंडिया ने कहा है कि विवरण का पता लगाया जा रहा है।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से गुजरात में हुए विमान हादसे पर दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश प्रभावितों के साथ खड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दुर्घटना को शब्दों से परे हृदय विदारक बताया है। श्री मोदी ने कहा कि वे मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हैं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने दिवंगतों के परिजनों के प्रति शोक जताते हुए ईश्वर से उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताया और मरांग बुरु से सभी की रक्षा की कामना की ।

*******************

अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं।

धनबाद पहुंचीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरा शोक जताया और प्रेस कॉन्फ्रेंस में हादसे को देखते हुए किसी राजनीतिक मुद्दे पर बात नहीं की। उन्होंने कहा कि हादसे में कई लोगों के हताहत होने की खबर है और इसी कारण उनके आगे के कार्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है।

**साउंड बाइट – अन्नपूर्णा देवी (विमान हादसा) – 26 सेकेंड**

साथ ही रांची विधायक सीपी सिंह ने भी घटना को मर्माहत करने वाला बताते हुए मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

*******************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान जमीनी स्तर पर किसानों की समस्याओं और चुनौतियों को समझने में मदद करेगा। इस अभियान के समापन के अवसर पर गुजरात के बारडोली में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने भारत के कृषि पुनर्जागरण के लिए केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी रोडमैप को रेखांकित किया।

इधर, विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतिम दिन कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने जामताड़ा जिले के छह गांवों में किसानों से सीधा संवाद किया और आधुनिक तकनीकों से बेहतर उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉकटर संजीव कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान 90 गांवों में 11 हजार से अधिक किसानों को बीज उपचार, मिट्टी जांच और कीट प्रबंधन की जानकारी दी गई।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह और बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने रामगढ़ में संयुक्त रूप से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य आम लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें लाभ लेने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और करीब 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं।

*******************

आजसू पार्टी 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। रांची में आज पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में केंद्रीय समिति की बैठक के बाद उन्होंने कहा कि इस दिन पार्टी के संघर्ष और बलिदान को याद किया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार पर पेसा कानून लागू करने में देरी करने का आरोप लगाया।

*******************

लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड में जेएसएलपीएस की पहल पर जेंडर रिसर्च सेंटर खोला गया है। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

राज्य के अधिकांश जिलों में पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं होने की वजह से गर्मी और उमस बढ़ गई है। आज रांची में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। और उमस 96 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मौसम विभाग ने 14 जून से राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है, जिससे राहत मिलने की उम्मीद है।

***************